# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–03 जुलाई 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में आज तीस प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। बैठक में लिए गए एक अहम निर्णय के अनुसार राज्य में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन किया जाएगा। इससे प्रदेश के युवाओं को वैश्विक स्तर पर भी रोजगार का मौका मिल सकेगा। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अगुआई में कैबिनेट की बैठक में युवाओं के हाथों में रोजगार देने के लिए महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। इसके लिए गठित उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का लक्ष्य प्रति वर्ष देश में एक लाख युवाओं और विदेशों में पचीस से तीस हजार युवाओं को सेवायोजित करना है। प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बैठक के बाद बताया कि मिशन के गठन के साथ ही सरकार खुद रिक्रूटिंग एजेंट का लाइसेंस प्राप्त कर सकेगी। इससे बेरोजगार युवाओं को सीधे विदेशों में रोजगार के लिए भेजा जा सकेगा। सरकार का यह मानना है कि इस पहल से प्रदेश को भारत का वैश्विक मानव संसाधन आपूर्ति केंद्र बनाने में मदद मिलेगी। समचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक।**

आज कैबिनेट में हुए फैसलों के बारे में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने विस्तार से जानकारी दी। कैबिनेट ने एक अन्य अहम निर्णय में महिलाओं को खतरनाक श्रेणी के उन्तीस कारखानों में काम करने की अनुमति दे दी है। साथ ही आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे तक प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेस वे के निर्माण का भी अनुमोदन कर दिया गया। इस लिंक एक्सप्रेस वे के माध्यम से लखनऊ, आगरा, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी और गाजीपुर जैसे प्रमुख शहरों के बीच यातायात और सुगम हो जाएगा।

**********

सरकार ने कई पाकिस्तानी अभिनेताओं और क्रिकेट खिलाडियों के सोशल मीडिया अकाउंट पर फिर प्रतिबंध लगा दिया है। सूत्रों के अनुसार तकनीकी कारणों की वजह से ये लोग कुछ घंटों के लिए इन अकांउटस का इस्तेमाल कर रहे थे। इस वर्ष, मई में भारत–विरोधी दुष्प्रचार और भडकाऊ सामग्री फैलाने के लिए कई पाकिस्तानी यू–ट्यूब चैनलों और सोशल मीडिया अकाउंट पर रोक लगा दी गई थी। इनमें अभिनेता सबा कमर, अहाद रजा मीर, युमना जैदी तथा दानिश तैमूर के इंस्टाग्राम अकाउंट तथा क्रिकेट खिलाडी शाहिद अफरीदी और शोएब अख्तर के यू–ट्यूब चैनल शामिल हैं।

**********

श्री अमरनाथ जी की वार्षिक यात्रा आज दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम और मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में बालतल से शुरू हो गई। यह यात्रा अड़तीस दिनों तक चलती है। एक रिपोर्ट–

**आज सुबह पहलगाम मार्ग पर तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं को चंदनवाड़ी की ओर जाने की अनुमति दी गई जबकि नौ हजार से अधिक तीर्थयात्रियों को बालतल, गांदरबल बेस कैंप से पवित्र गुफा की ओर जाने की अनुमति दी गई। दोनों मार्गों पर सभी प्रकार की व्यवस्थाओं, सुविधाओं और सुरक्षित वातावरण से यात्री बहुत प्रसन्न और संतुष्ट नजर आ रहे हैं। तारिख राथर, आकाशवाणी समाचार, श्रीनगर।**

**********

मेरठ–लखनऊ वंदे भारत ट्रेन अट्ठाईस अगस्त से वाराणसी तक चलाई जाएगी। मेरठ से वाराणसी के लिए यह पहली सीधी रेल सेवा होगी। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी ने बताया कि मेरठ से वाराणसी का सफर ग्यारह घंटे पचपन मिनट का होगा। लखनऊ के रास्ते यह ट्रेन अयोध्या धाम होते हुए वाराणसी कैंट तक जाएगी।

**********

गोरखपुर जिले में कैंसर से बचाव के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स गोरखपुर, बीआरडी मेडिकल कॉलेज, श्री गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य विभाग सहित कई अन्य संस्थाएं साथ मिल कर काम करेंगी। इस संबंध में कल देर रात एक उच्चस्तरीय बैठक की गई। गोरखपुर के सीएमओ डॉ राजेश झा ने बताया कि साझा रोडमैप का उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर, ओरल कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर के मरीजों की शीघ्र पहचान कर शुरूआती स्तर पर ही इलाज करना है ताकि इनसे होने वाली मृत्यु और जटिलताओं को रोका जा सके।

**********

भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान काशी हिंदू विश्वविद्यालय को समय पर जीएसटी रिटर्न दाखिल करने और करों के भुगतान के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र मिला है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड–सीबीआईसी ने यह प्रमाण पत्र जारी किया है।

**********

प्रदेश में हो रही मानसूनी बारिश से कई नदियों का जल स्तर तेजी से बढ़ने लगा है। बढ़ते जल स्तर को देखते हुए बाढ़ के प्रति विशेष सतर्कता बरती जा रही है। अयोध्या जिले में सरयू नदी का जल स्तर चेतावनी बिंदु को पार कर उन्नीस सेंटीमीटर ऊपर पहुंच चुका है, हालांकि अभी यह खतरे के निशान से नीचे है। बलिया जिले में भी गंगा और घाघरा नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश के पश्चिमी जिलों में भी नदियों का जल स्तर बढ़ने से बाढ़ की आशंका बढ़ने लगी है। इस बीच, मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के पूर्वी जिलों में पांच जुलाई तक कहीं कहीं भारी बारिश के साथ बिजली गिरने की भी चेतावनी जारी किया है।

**********